

# विशुद्ध सागर महाराज ससंघ का हुआ ऐतिहासिक मंग प्रवेश



संत जनों के आगमन से नगर में उमड़ा जनसैलाब

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 मई।** पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ससंघ के मंगल प्रवेश पर भक्तजनों द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार रंगोली सजाकर पाद प्रक्षालन आरती करते हुए नगर के अटेर रोड बेटी बचाओ चौराहा होते हुए पुस्तक बाजार, बताशा बाजार, फ्रीगंज, गोल मार्केट, सदर बाजार, परेड चौराहा होते हुए बद्रीप्रसाद की बगिया पहुंचे, जहां भक्तों द्वारा जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ने धर्म सभा में कहा कि भिण्ड की भूमि डाकुओं की नहीं, संतों की भूमि रही है। यहां भगवान महावीर स्वामी तीन बार समोशरण से लेकर आए थे, जहां राम कृष्ण और न जाने कितने संत जन आए थे, आज का यह परिदृश्य देखकर लग रहा था कि शहरों में मकान तोड़ने के लिए बुलडोजर आते हैं, लेकिन यहां लोग बुलडोजर से फूल बरसा रहे हैं, यह सब आस्था और श्रद्धा विश्वास की भीड़ है, जैसे अयोध्या में जब राम आए होंगे, वैसे ही सकल समाज के लोग यहां आस्था विश्वास के साथ स्वागत करने आए हैं। उन्होंने कहा कि आज नगर में मंगल प्रवेश पर कई जन प्रतिनिधि नेता साथ में चल रही थे। नेताओं को संतों के साथ चलना चाहिए, जिससे पता चले की संतों की तपस्या क्या होती है, नग्न पैर चलने पर पैरों में दो चार कांटे तो पता ही नहीं चलते हैं।

कार्यक्रम के शुभारंभ में गणाचार्य विराग सागर महाराज के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्वलन विधायक नरेन्द्र सिंह कुशवाह, पूर्व जिला अध्यक्ष रविसेन जैन, विनोद जैन ढोंचरा, विनोद जैन पन्ना, विष्णु सिंह, पार्षद मनोज जैन, यश जैन ने किया एवं पाद प्रक्षलन दीपक सक्सेना परिवार, सौरभ जैन एवं शास्त्र भेंट प्रमोद पीयूष जैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश जैन शास्त्री ने किया।

इस अवसर पर रतनलाल भरौली, राजेन्द्र जैन पप्पू, स्वास्थ्य अधिकारी राजीव जैन, महेन्द्र जैन शक्कर, देवेन्द्र जैन गोरई, पंकज जैन मारवाड़ी, ओमप्रकाश अग्रवाल बाबूजी, पंकज चंदोरिया, वीरेन्द्र जैन, पवन जैन नेता, बॉबी जैन, बोली नेता, पुष्पेन्द्र गांधी, सचिन जैन, रवि जैन, सोनू जैन, डॉ. मनोज जैन, राकेश जैन, विवेक जैन, नीरज जैन पुजारी, मुकेश जैन बड़ेरी, अमित जैन डिंपी एवं बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन के लोग, महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित थे।

### पट्टाचार्य के मेले में आज से होंगे प्रवचन

पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज ससंघ के मांगलिक प्रवचन निराला रंग बिहार में एक से 10 जून तक सुबह 8 बजे से होंगे एवं पट्टाचार्य ससंघ कुआं वाले जैन मन्दिर में विराजमान रहेंगे, जहां आहारचार्य भी होगी।

# शुक्ला ने किसान भाइयों के साथ 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया



प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुना

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 31 मई।** विधानसभा क्षेत्र मेहगांव में आज 31 मई 2026 को प्रात: 11 बजे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण किया गया। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग राकेश शुक्ला जी, भारतीय जनता पार्टी के संभाग प्रभारी अभय यादव, जिला प्रभारी हमीर पटेल भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया मंडल अध्यक्ष रोहित करैया ने उपस्थित रहकर किसान भाइयों, ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचारों को सुना।

कैबिनेट मंत्री राकेश शुक्ला ने कार्यक्रम के पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के विकास, जनभागीदारी, नवाचार, कृषि, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है भारतीय जनता पार्टी के संभाग प्रभारी अभय यादव ने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशानुसार डीजल, पेट्रोल, गैस की बचत करने तथा सोना नहीं खरीदने और वर्क फ्रॉम होम के संबंध में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल जी के संदेश से अवगत कराया।

इसके साथ ही किसान, महिलाओं बच्चों, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा विकास के लिए किए गए अनेक प्रस्तावों की मंजूरी से भी अवगत कराया।



## अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास ठाकुर पहुंचे दंदरौआ, डॉक्टर हनुमान के किए दर्शन, रामदास महाराज से की चर्चा

**भिण्ड, 31 मई।** अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास कृष्णचंद्र शास्त्री ठाकुर महाराज रविवार को दंदरौआ धाम में पहुंचे, यहां पर आश्रम के विद्यार्थियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ उनका अभिनंदन किया। उन्होंने डॉक्टर हनुमान के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर 1008 महामण्डलेश्वर महंत रामदास महाराज से मुलाकात की। ठाकुर ने कहा कि दंदरौआ धाम में डॉक्टर हनुमान जी दिव्य सखी रूप में विराजमान है, लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र हैं, यहां आकर मन में शांत एवं आयात्मिक अनुभव होती है। डॉक्टर हनुमानजी के दर्शन मात्र से असाध्य रोगों से मुक्ति मिल जाती है। इस मौके पर रामबरन पुजारी, मीडिया प्रभारी जलज त्रिपाठी, अंकित शास्त्री, विष्णु काकोरिया, अवधबिहारी थापक, नरसी दद्दा, दिव्यांश बादल, प्रशांत कटारे सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।



## डिप्टी कलेक्टर ने दिया नशामुक्त समाज का संदेश

**मालनपुर, 31 मई।** क्षेत्र के खुमान का पुरा में संचालित अहिंसा नशा मुक्ति केंद्र में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया जिसमें संस्था के सचिव दीपेश श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा सभी हितग्राहियो को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के बारे मैं बताया तथा बताया की किस प्रकार तम्बाकू और उससे बने मादक पदार्थो के सेवन से लाखों लोग प्रतिवर्ष मौत का और गंभीर रोगों का शिकार हो रहे है। संस्था में उपस्थित हुए जिले के डिप्टी कलेक्टर महेंद्र सिंह ने भी सभी पेसेंट को समझाया की नशा करना गलत बात है इससे आप अपना ही नहीं अपने बच्चों भी भविष्य खराब कर रहे हो जबकि समाज और देश के लिए नुकसान का कारण बन रहे हो इसलिए आप सब अच्छा जीवन जिए और नशा मुक्त समाज तथा देश का निर्माण करें, संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ने सभी लोगो को नशा ना करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था के डॉ वेदप्रकाश, पेयर एडुकेटर मुकेश, सोशल वर्कर अमित शर्मा, नर्स रश्मि गौर, गार्ड राहुल, कुक सिकंदर खान सहित सभी हितग्राही उपस्थित रहे।



## अहिल्याबाई जयंती मनी

**गोहद, 31 मई।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की 301 भी जन्म जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई जगह-जगह पर रैली का स्वागत किया गया और जिसमें प्रशांत आर्यजी, विधायक केशव देसाई उपस्थित रहे और इसमें मुख्य रूप से भगवान सिंह की बघेल एडवोकेट महेंद्र पाल बघेल रवि पाल, मोनू पाल दीपक पाल विष्णु बघेल विजयपाल कौशलेंद्र पाल ,शिवनारायण पाल पवन पाल सहित कई सामाजिक लोग एकत्रित हुए।

# हत्या के प्रयासे के मामले में फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 मई।** पुलिस अधीक्षक भिण्ड सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में, एएसपी संजीव पाठक एवं एसडीओपी मेहगांव संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में थाना गोरमी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार पांच हजार रुपए के इनाम आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दिया है।

जानकारी के अनुसार फरियादी ने एक जनवरी 2026 को थान में शिकायत की कि आरोपियो द्वारा गाली गलौज कर मारपीट की, जान से मारने की नियति से धमकी एवं फायरिंग की। जिस पर से अपराध क्र.03/26 धारा 109(1), 115(2), 296, 351(3), 125, 3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया था, आरोपीगण घटना दिनांक से फरार थे, जिन पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था, जिसके पालन में थाना प्रभारी गोरमी ने टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु उनके छिपने के संभावित स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मेहगांव पेश किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गोरमी आशुतोष शर्मा, उपनिरीक्षक मनीराम नादिर, आरक्षक सुनील, सुभाष सिंह, अमित शर्मा, शिवदयाल, विष्णु वंसल, महेश सिंह, रजत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



# मालनपुर थाना प्रभारी ने तिलोरी में लगाई चौथी जन चौपाल

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 31 मई।** पुलिस और जनता के बीच संवाद मजबूत करने की पहल के तहत मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी ने रविवार को ग्राम तिलोरी में चौथी जन चौपाल आयोजित की। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।थाना प्रभारी सोनी ने बच्चों और युवाओं को मोबाइल के दुरुपयोग और बढ़ते साइबर फ्रॉड के प्रति बारीकी से जागरूक किया। उन्होंने कहा, 'अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ह्ळक्किसी से शेयर न करें और सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचें। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की।

**गांव में ही सुलझाए छोटे-मोटे विवाद**

जन चौपाल का मुख्य उद्देश्य गांव स्तर पर ही छोटे-मोटे आपसी और पारिवारिक विवादों का निपटारा करना था। थाना प्रभारी ने मौके पर ही कई घरेलू मामलों में दोनों पक्षों को समझाइश देकर *राजीनामा कराया*। उन्होंने कहा, 'छोटी बातों को थाने-कचहरी तक ले जाने से समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। आपस में मिलजुल कर रहें।'

**मेधावी छात्रों का बढ़ाया हौसला**

कार्यक्रम के दौरान गांव के *मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित* किया गया। थाना प्रभारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा का महत्व समझाया। 'पढ़-लिखकर ही आप अपने गांव, समाज और देश का नाम रोशन कर सकते हैं। नशे और अपराध से दूर रहें,' उन्होंने छात्रों से कहा।जन चौपाल में मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल की खुलकर तारीफ की।

ग्रामीणों ने कहा, 'पहली बार कोई थाना प्रभारी गांव में आकर हमारी समस्या सुन रहा है और बच्चों को सही रास्ता दिखा रहा है। इससे पुलिस का डर खत्म होगा और भरोसा बढ़ेगा।मालनपुर पुलिस द्वारा लगातार आयोजित की जा रही जन चौपाल से ग्रामीणों और पुलिस के बीच की दूरी कम हो रही है और अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिल रही है।

## सीईओ जिला पंचायत भिण्ड ने 3 सचिवों को किया निलंबित

**भिण्ड, 31 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड वीरसिंह चैहान ने ग्राम पंचायत टोला सचिव लखनलाल झा, ग्राम पंचायत स्योंड़ा (मूल ग्राम पंचायत भौनपुरा) सचिव रामनिवास भदौरिया, ग्राम पंचायत मूरतपुरा सचिव राजेश सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**हितग्राहियों की ई-केवाईसी की प्रगति कम एवं श्रमिकों के पंजीयन नहीं किए जाने पर हुई कार्रवाई**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया है कि समग्र ई-केवायसी प्रगति रिर्पोट 29 मई के अनुसार आपकी ग्राम पंचायत में समग्र पोर्टल पर संबल/ कर्मकार पंजीयन एवं जननी प्रसव योजना के समस्त हितग्राहियों की ई-केवाईसी की प्रगति कम एवं शासन की महत्वाकांक्षी हितग्राही मूलक योजना प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन नहीं किए जाने से लखनलाल झा सचिव ग्राम पंचायत टोला जनपद पंचायत लहार, रामनिवास भदौरिया सचिव ग्राम पंचायत स्योंड़ा (मूल ग्राम पंचायत भौनपुरा) जनपद पंचायत भिण्ड, राजेश सिंह सचिव ग्राम पंचायत मूरतपुरा जनपद पंचायत रौन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलबंन काल में इनका मुख्यालय संबंधित जनपद पंचायत नियत किया गया है।

# ग्राम पंचायत गाता सचिव निलंबित, सरपंच को नोटिस

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 मई।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड वीरसिंह चौहान ने ग्राम पंचायत गाता सचिव भरतलाल शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है तथा ग्राम पंचायत गाता सरपंच हेमाबाई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव द्वारा प्राप्त प्रस्ताव अनुसार निर्माण कार्य में संलग्न एक व्यक्ति बादाम सिंह द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा इस कार्य को कराये जाने का ठेका लिया है। जबकि निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत निर्माण कार्य अनुसार ठेके पर नहीं दे सकती। निर्माण स्थल पर पाई गई रेत लगभग 30 से 35 प्रतिशत धूल-मिट्टी का होना पाया गया। नीव में भरे जा रहे खण्डे को टायलेट के स्थान पर तथा अन्य स्थानों पर बिना सीमेंट रेत के गारे को सीधा धूल में रख दिया गया है। खण्डों के ऊपर चिनाई की गई ईटों पर फैलाया गया सीमेंट रेत का गारा पैर की ठोकर मारने से उखड़ रहा है, ऐसे गारे में ईंट को चिपकाने की क्षमता दिखाई नहीं दे रही है। कार्य पर कार्यरत मजदूर उत्तर प्रदेश के शहर कानपुर के रहने वाले पाए गए, निर्माण स्थल पर ग्राम पंचायत भरतलाल शर्मा सचिव उपस्थित नहीं मिले, इसलिए ठेकेदार मनमाने तरीके से कार्य कर रहा है।

कार्य स्थल पर मिट्टी भराई स्थल पर सूखी मिट्टी की भराई की जा रही है। पानी डालकर और कूटकर उसका कोम्पेक्शन नहीं किया जा रहा है, जिससे बाद में मिट्टी के धसकने तथा सामुदायिक भवन में दरारें आने या अन्य क्षति होने की आशंका बनी रहेगी। सचिव भरतलाल शर्मा का उक्त कृत्य कार्य के प्रति लापरवाही एवं शासन के नियमानुसार कार्य न किए जाने के कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलबंन काल में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत मेहगांव नियत किया गया है।

इसके साथ ही जनपद पंचायत मेहगांव की ग्राम पंचायत गाता की सरपंच का कृत्य मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के प्रावधान के प्रतिकूल है, जो शासकीय कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता के साथ-साथ अनुशासन हीनता की श्रेणी में आता है। सीईओ ने नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर जवाब मांगा है।

# मारपीट का बदला लेने पार्टी के बहाने की युवक की हत्या

**गोरमी पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 31 मई।** पुलिस अधीक्षक भिण्ड सूरज कुमार वर्मा व एएसपी संजीव पाठक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मेहगांव संजय कौच्छा के निर्देशन में थाना प्रभारी गोरमी आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में गुमशुदा पिंटू करण के मामले में अंधे कत्ल का खुलासा किया है।

जानकारी के अनुसार 10 मई को फरियादी रामकुमार करण निवासी माता का पुरा सिकरौदा ने थाने में अपने लड़के पिंटू करण उम्र 19 साल की बिना बताए कही चले जाने की शिकायत की थी, जिस पर से गुम इंसान क्र.18/26 कायम कर जांच में लिया गया, दौराने जांच पुलिस अधीक्षक को विश्वनीय मुखबिर द्वारा पिंटू करण के साथ कोई गंभीर घटना घटित होने की सूचना मिली, उन्होंने एसडीओपी मेहगांव, थाना प्रभारी गोरमी को गुमशुदा की पतारसी हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया।

रविवार को जरिए विश्वनीय मुखबिर से सूचना मिली कि गुमशुदा पिंटू करण के मामले में संदेही लहार में घूम रहा है, जिस पर से थाना प्रभारी गोरमी ने टीम बनाकर संदेही को पकड़ा, जिससे हिकमत अमली से पूछताछ की तो उसने बताया कि पिटू करण का एक वर्ष पूर्व शादी समारोह में संदेही के दोस्त से झगड़ा हुआ था एवं पिंटू ने उसके दोस्त की रिश्तेदारों के सामने मारपीट की, यह बात दोस्त ने संदेही को बताई एवं उसी दिन से पिटू करण से बदला लेने के लिए दोनों घूमने लगे, 10 मई को पिंटू करण उन्हें भिण्ड में मिल गया, तो वह पिंटू को पुराने गिले सिकवे भुलाकर बहला फुसलाकर पार्टी करने के लिए सिंध नदी के किनारे इंदुर्खी ले गए, जहां पर उन्होंने पार्टी की, जब पिंटू करण नशे में आ गया, तो संदेही ने उसके पैर पकड़े एवं उसके दोस्त ने पिंटू का अपनी तौलिया से गला दबा दिया, जब वह मर गया तो उसे सिंध नदी के किनारे गड्ढे में घसीटते हुए ले जाकर पटक दिया एवं ऊपर से रेत डाल दिया। संदेही के बताए अनुसार घटना स्थल पर पहुंचे, जहां पर मानव शरीर की अस्थियां, मृतक के कपड़े, घड़ी, चूड़ा मिले, उक्त सामग्री की मृतक के परिजनों ने पहचान की। अपराध सदर में प्रयुक्त तौलिया आरोपी ने जब्त कराई। उक्त गुमशुदा सदर पर से अपराध क्र.165/26 धारा 103(1), 238, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीवद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण सदर में अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई निरीक्षक आशुतोष शर्मा, उपनिरीक्षक अजय कुमार मिश्रा, आरक्षक पंकज शुक्ला, राजकुमार, सुभाष सुमन, सुनील लोधी, थाना लहार से आरक्षक विशाल मिश्रा, जय भारद्वाज, कौशल जाट, दीपक राजावत, सुशील शर्मा, शैलेन्द्र शुक्ला व सायबर सेल से सउनि सत्यवीर, आरक्षक राहुल यादव की सराहनीय भूमिका रही।




## दिनदहाड़े कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग, चालक बाल-बाल बचा

**भिंड, 31 मई।** शहर में रविवार दोपहर दिनदहाड़े कार पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना से सनसनी फैल गई। तीन बाइकों पर सवार होकर आए बदमाशों ने एक कार चालक को रोकने का प्रयास किया और असफल होने पर उसकी कार पर चार राउंड फायर कर दिए। गनीमत रही कि चालक सुरक्षित बच गया, हालांकि कार के पीछे के हिस्से में गोलियां लगने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।



## श्रीमद् रामकथा में शिव कथा का महत्व बताया, भोलेनाथ ने पार्वती को अंग में विराजमान किया

**कथा व्यास बोले- शिव भक्ति बिना राम कथा का अधिकारी कोई नहीं, शिव कथा से ही आंखों से झरते हैं भक्ति के अश्रु**



**भिण्ड, 31 मई।** बैरागपुरा कंकाली माता मन्दिर पर चल रही संगीतमय श्रीमद् रामकथा के चौथे दिन कथा व्यास स्वामी आशीषानंद महाराज ने शिव कथा और रामकथा के संबंध का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शिव कथा के बिना राम कथा का रसपान संभव नहीं है।

महाराज ने बताया कि एक बार याज्ञवल्क्य महाराज तीर्थराज प्रयाग में भारद्वाज को कथा सुना रहे थे। भारद्वाज ने रामकथा पूछी थी, लेकिन याज्ञवल्क्य ने पहले उन्हें शिव कथा सुनाई। शिव कथा सुनते ही भारद्वाज की आंखों से अश्रु धारा बहने लगी।

**शिव भक्ति ही राम कथा का आधार :** कथा व्यास ने समझाया कि जो शिव कथा सुनता है, जिसकी शिव कथा में प्रीति है, शिव कथा सुनने के बाद उसकी आंखों से भक्ति प्रकट होकर झर-झर बहने लगती है। वही व्यक्ति राम कथा सुनने का अधिकारी है। याज्ञवल्क्य ने भारद्वाज से कहा- 'पूछी थी राम कथा और हमने सुनाई शिव कथा। इतना प्रेम है तुम्हें शिव जी में जिसका इस प्रकार शिव जी में प्रेम है, शिवजी में भक्ति है, वही तो राम कथा सुनने का अधिकारी है। उसी को राम कथा फल देने वाली है, उसी को राम कथा आनंद दे सकती है।

**कैलाश पर शिव-पार्वती प्रसंग :** महाराज ने बताया कि भोले बाबा मां पार्वती के साथ कैलाश पर्वत पर विराजमान हैं। जब पार्वती मां सती रूप में थीं तब भोलेनाथ ने उन्हें सामने का आसन दिया था। लेकिन जब उन्होंने पार्वती रूप में पाणिग्रहण किया तो आज अपने अंग में विराजमान कर लिया है। जैसे ही सती महारानी भोलेनाथ के अंगमें विराजमान हुई, भोले बाबा ने उनका बड़ा आदर किया।

**श्रद्धालुओं की भीड़ :** कथा में वार्ड पार्षद स्वदेश कुशवाह, रविरमन प्रजापति, रामलखन प्रजापति, रवि श्रीवास, धनीराम प्रजापति सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे। मन्दिर के पुजारी रामकिशोर भगत ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 6 बजे तक चल रही है।

# शातिर स्थाई वारंटी मुरैना से गिरफ्तार



**भिण्ड, 31 मई।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में जिले में अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत देहात थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने पिछले 7 वर्षों से फरार चल रहे एक शातिर स्थाई वारंटी विनोद कुमार कुशवाह उम्र 34 वर्ष पुत्र भगवान सिंह निवासी सुमावली जिला मुरैना को घेराबंदी कर दबोच लिया है। पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**नाम और शहर बदलकर काट रहा था फरारी:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पकड़ा गया वारंटी विनोद कुमार कुशवाह बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। वह पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उसने पिछले 7 सालों में कई बार अपने नाम और रहने का शहर बदला, ताकि पुलिस की नजरों से बचा रह सके।

**मुखबिर के जाल में फंसा शातिर अपराधी:** भले ही आरोपी विनोद पुलिस को चकमा देने के लिए पैंतरे बदल रहा था, लेकिन देहात थाना पुलिस का मुखबिर तंत्र उस पर मुस्तैदी से नजर रखे हुए था। जैसे ही पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी छिपते-छिपाते अपने गांव सुमावली आया हुआ है, पुलिस ने बिना वक्त गंवाए जाल बिछा दिया। सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन और देहात थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत के नेतृत्व में तुरंत एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्काल सुमावली पहुंचकर आरोपी की घेराबंदी की और उसे धर दबोचा। इस कार्रवाई में देहात थाना प्रभारी निरीक्षक शिवप्रताप सिंह राजावत के साथ उपनिरीक्षक अजय यादव, प्रधान आरक्षक गुरुदास सोही, आरक्षक अवधेश चौहान, भूपेन्द्र तोमर, कमल तोमर, अजीत सिकरवार, सुमित शर्मा, फिरोज खान और ज्ञानेन्द्र मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही।

## नाबालिग गुमशुदा बालिका को किया बरामद

**भिण्ड, 31 मई।** पुलिस अधीक्षक भिण्ड सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में, एएसपी संजीव पाठक एवं एसडीओपी मेहगांव संजय कोच्छा के मार्गदर्शन में थाना गोरमी पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग गुमशुदा बालिका को दस्तयाब किया है। जानकारी के अनुसार 27 मई को फरियादिया ने थाने शिकायत की कि आज शाम 4 बजे मेरी लड़की को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। जिस पर से अपराध क्र.163/26 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा नाबालिग गुमशुदा की दस्तायावी हेतु थाना प्रभारी गोरमी को निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए गुमशुदा की तलाश हेतु टीम गठित की। उक्त टीम ने शनिवार को गुमशुदा बालिका को माता-पिता को सुपुर्द किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशुतोष शर्मा, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र, आरक्षक सुनील सिंह, रजत कुमार, रूबी शर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर निकला चल समारोह

**भिंड, 31 मई।** पाल-बघेल समाज द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर रविवार को भव्य एवं विशाल चल समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हजारों की संख्या में समाजजन, युवा, मातृशक्ति एवं सर्व समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर लोकमाता को श्रद्धांजलि अर्पित की।